भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,रत्नागिरी

संयोजक – बैंक ऑफ़ इंडिया, आंचलिक कार्यालय, शिवाजीनगर,रत्नागिरी,415639

Email – ratnasindhu10@gmail।com

www।http://narakasratnagiri।co।in

कार्यालय कोड – 296

---

छमाही बैठक दि. 28/06/2019 समय- दोपहर 3.30 बजे
स्थान- संमेलन कक्ष, न्यूक्लियर पावर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लि

## कार्यवृत्त

वर्ष 2019-20 की प्रथम बैठक न्यूक्लियर पावर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लि के संमेलन कक्ष में दोपहर 3.30 को संपन्न हो गई। मंचासीन मान्यवरों के कर कमलों से दीप प्रज्ज्वलन हो गया तथा प्रार्थना के बाद बैठक का आयोजक कार्यालय एनपीसीएल के मुख्य अभियंता श्री उदय मदनगेरी जी ने समिति के अध्यक्ष श्री अतुल सातपुते, उप निदेशिका डॉ सुनीता यादव, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, भारतीय तटरक्षक अवस्थान के श्री अतुल दांडेकर, सदस्य सचिव श्री रमेश गायकवाड का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

समारोह में प्रथम दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रार्थना संपन्न हो गई। इसके बाद समिति की 13 वी छमाही पत्रिका राजभाषा **रत्नसिंधु** का, **प्रेरणा** ई पत्रिका का विमोचन तथा नराकास की वार्षिक कार्यक्रम पत्रिका का अध्यक्ष अतुल सातपुते, डॉ सुनीता यादव तथा मंचासीन के करकमलों से हुआ।

इसके बाद शील्ड वितरण समारोह संपन्न हुआ जिसमें प्रथम क्रमांक भारतीय तटरक्षक अवस्थान, द्वितीय क्रमांक आकाशवाणी, तृतीय सीमा शुल्क मंडल कार्यालय तथा प्रोत्साहन गुब्बारा पवन वेध शाला और इस वर्ष एक नई पहल प्रारंभ की है वह है उत्कृष्ठ कार्यान्वयन पुरस्कार यह निरंतर 5 साल प्रथम क्रमांक प्राप्त कोंकण रेलवे को प्रदान किया गया।

इसी दौरान विविध कार्यालयों के स्टाफ सदस्यों ने कविताएं प्रस्तुत की और सभागार का माहौल बदल दिया। सदस्य सचिव रमेश गायकवाड ने अपनी प्रस्तावना में पत्रिकाओं के अंतरंग को प्रस्तुत किया और पत्रिका समिति की वेबसाइट www.http://narakasratnagiri.co.in पर उपलब्ध की जाने की जानकारी दी ।

पिछली बैठक में निर्णय लिया गया उसी के अनुसार सीमा शुल्क मंडल कार्यालय ने अपने कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन की प्रस्तुति पीपीटी द्वारा की गई । साथ में सदस्य सचिव ने नराकास की गतिविधियों को पीपीटी द्वारा प्रस्तुत कर दी और अध्यक्ष की अनुमति से बैठक को प्रारंभ किया।

विषय – 1 – प्रथम सदस्य सचिव ने अपनी प्रस्तावना के बाद पिछली बैठक 28/11/2018 में लिये गये निर्णयों के अनुसार कृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की और सदस्यों ने कार्यवृत्त की पुष्टि की।

कृत कार्रवाई –

क. छमाही रिपोर्ट का समय पर प्रस्तुतिकरण हेतु कार्ययोजना
मार्च 2019 छमाही के रिपोर्ट सभी कार्यालयों ने प्रस्तुत की है

ख. रत्नसिंधु पत्रिका में केवल घरेलू साहित्य का प्रकाशन
सदस्य कार्यालय के स्टाफ सदस्यों ने रचनाएं भेजी है।

ग. सदस्य कार्यालय अपने कार्य की अगले बैठक में पीपीटी द्वारा प्रस्तुति देगा।
सीमा शुल्क मंडल कार्यालय ने बहुत ही बेहतरीन प्रस्तुति दी।

घ. विश्व हिंदी दिवस मनाना
समिति द्वारा 10 जनवरी 2019 विश्व हिंदी दिवस बडे उत्साह से मनाया गया इसी दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता आयोजन का गतिमंद बच्चों की स्कूल में चित्र रंग भरण बच्चें के लिए गई थी।

ङ. बैठक में अनुपस्थित कार्यालयों को अर्धशासकीय पत्र तथा नियंत्रणाधीन कार्यालय को सूचित करना
अनुपस्थित 2 कार्यालयों को अर्धशासकीय पत्र तथा नियंत्रणाधीन कार्यालय को सूचित किया गया है।

उपरोक्त 5 मदों की कृतकार्रवाई के अनुसार पूरी तरह से कार्रवाई की गई है।

विषय 2 – नराकास की गतिविधियों को तेजी लाने के लिये इस बैठक में रखें कुछ सुझाव / निर्णय

- अगली बैठक में राजभाषा कार्यान्वियन की पीपीटी द्वारा प्रस्तुति
  डाक अधिक्षक कार्यालय
  भारतीय जीवन बीमा निगम
- हिंदी पख्वाडा मनाना 1 अगस्त से 15 अगस्त 2019
- प्रतियोगिता का आंबटन
- कार्यशाला का आयोजन
- संगोष्ठी का आयोजन

सदस्य सचिव ने कहा कि समिति को 2016-17 भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग से क्षेत्रीय कार्यान्वियन का द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ था उसी के अनुसार हमारा कार्य जारी रखना है और समिति को उच्च स्थान पर रखने के लिए आप सभी सदस्य कार्यालयों के योगदान की आवश्यकता है।

इसके बाद सदस्य सचिव श्री रमेश गायकवाड ने उपनिदेशक महोदया डॉ सुनीता यादव को सदस्य कार्यालयों से प्राप्त छमाही रिपोर्टों की समीक्षा तथा संबोधन के लिए अनुरोध किया।

## विषय-3 तिमाही रिपोर्टों की समीक्षा तथा उपनिदेशक महोदया का संबोधन

उपनिदेशक महोदया ने रत्नागिरी नराकास के संदर्भ में कहां कि, समिति का कार्य बहुत ही सही तरीके से चल रहा है, समिति हर समय नयापन लाने का प्रयास कर रही है। समिति द्वारा विविध समारोह का आयोजन किया है साथ में आज सीमा शुल्क मंडल कार्यालय ने राजभाषा कार्यान्वियन के बारे में अच्छी प्रस्तुति दी तथा नराकास की गतिविधियों से सदस्य सचिव ने अवगत करा दिया, उसके लिए भी धन्यवाद । समिति द्वारा बैठकों का समय पर आयोजन किया जा रहा है, समिति के और बेहत्तर कार्य के लिए मेरी ओर से शुभकामनाएं।

सदस्य कार्यालयों जो रिपोर्ट प्रस्तुत किया है यह देखकर उप निदेशक महोदया ने कहां कि, हिंदी का कार्यान्वयन वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार बहुत ही पीछे चल रहा है, बहुत से कार्यालयों का हिंदी पत्राचार लक्ष्य से बहुत कम है। हमारी समिति ख क्षेत्र में आती है तो उसका लक्ष्य है 90 प्रतिशत होना चाहिए लेकिन यहां कुछ कार्यालयों का हिंदी पत्राचार बहुत ही कम है इसमें सुधार करने की आवश्यकता को व्यक्त किया। छमाही प्रगति रिपोर्ट समय पर भेजे, जिससे समेकन का कार्य आसानी से हो सकता है। रिपोर्ट में प्रस्तुत आंकडों को देखकर उन्होंने कहां कि, आंकडे प्रस्तुति में सुधार आवश्यक है। धारा 3/3 में अंतर्गत आनेवाले सभी 14 कागजात द्विभाषा (इसकी सूची अलग से परिशिष्ट-2 में दी है) में जारी होने आवश्यक है। हिंदी में प्राप्त पत्रों का जवाब हिंदी में ही देना है। वार्षिक कार्यक्रम में दिए गए लक्ष्यों के अनुसार कार्यान्वयन होना आवश्यक है।

प्रत्येक कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति के गठन तथा उसकी तिमाही बैठके का अनिवार्यत: आयोजन करें। हिंदी कार्यशाला का आयोजन एक दो कार्यालय मिलकर करें ताकि इसमें कमी न रहें।

उपनिदेशक महोदया ने यह भी कहां कि, आज इस बैठक में कार्यालय प्रमुखों की अनुपस्थिति अधिक लग रही है उन अनुपस्थित कार्यालयों को अर्ध सरकारी पत्र भेजे तथा उसकी प्रति उनके नियंत्रणाधीन कार्यालय को प्रेषित करें व एक प्रति गृह मंत्रालय सचिव तथा हमें भेजे ज़िससे उनके प्रधान कार्यालय से हम अनुपस्थिति के बारे में स्पष्टीकरण की मांग कर सकते है।

## अध्यक्षीय संबोधन

अध्यक्ष महोदय श्री श्री अतुल सातपुते जी ने अपने संबोधन में कहा कि, प्रथम आप सभी को मेरा सस्नेह नमस्कार तथा हार्दिक शुभ कामनाएं ।

आंचलिक कार्यालय रत्नागिरी अंचल के आंचलिक प्रबंधक के रूप में पदग्रहण करने के बाद अध्यक्ष के रूप में मेरी दूसरी बैठक है । आज पूरा हॉल भरा हुआ देखकर अच्छा लग रहा है । कुछ स्टाफ सदस्यों ने यहां कविताओं को प्रस्तुत किया बहुत ही अच्छा लगा इसी तरह राजभाषा का प्रचार – प्रसार भी बडे आनंद से तथा उत्साह से होना चाहिए। समिति के प्रत्येक गतिविधियों के बारे में साथ में स्वयं की वेबसाईट बनाई है। समिति का स्वतंत्र कार्यालय, सदस्य कार्यालय के स्टाफ सदस्यों के लिए अद्यावत पुस्तकालय, राजभाषा रत्नसिंधु हिंदी पत्रिका तथा तिमाही ई पत्रिका प्रेरणा। इसका लाभ उठाएं , समिति राजभाषा में अच्छा कार्यान्वयन करनेवाले सदस्य कार्यालय को शील्ड देकर गौरान्वित कर रही है। आप सभी सदस्य कार्यालय मिलकर यह कार्य कर रहे है, यह बहुत ही आनंद की बात है इसे बरकरार रखना है।

शील्ड देकर गौरान्वित कर रही है। आप सभी सदस्य कार्यालय मिलकर यह कार्य कर रहे है, यह बहुत ही आनंद की बात है इसे बरकरार रखना है।

समिति द्वारा प्रकाशित राजभाषा रत्नसिंधु के इस नवीनतम अंक में समिति ने भारतीय त्योहार से जुडा जीवन तथा भारतीय संस्कृति को प्रस्तुत करने का प्रयास किया है, साथ में अन्य विविध विषयों को स्पर्श करने का प्रयास किया है जो आपको जरूर पसंद आएग तकनीकी आलेखों के साथ-साथ हिंदी तथा क्षेत्रीय भाषा में रचित काव्य प्रस्तुत किए है । समिति पाठकों को पठनीय तथा संग्रहनीय सामग्री प्रस्तुत करने का प्रयास कर रहीं है ।

हिंदी और कामकाज के प्रयोग में प्रयुक्त राजभाषा हिंदी, इन दोनों में कोई अधिक अंतर नहीं है। कार्यालयीन कामकाज में सुसूत्रता लाने हेतु राजभाषा हिंदी का प्रयोग आवश्यक है । इसे दिल से अपनाना आवश्यक है। आप सभी को पुन: हार्दिक शुभकामनाएं।

समिति ने पिछली बैठक में लिये गये सभी निर्णयों पर कार्रवाई की गई है इस सफलता में आप सभी सदस्य कार्यालयों को बडा योगदान है और यह सराहनीय भी है। इस बैठक में सदस्य सचिव द्वारा कुछ नये प्रस्ताव रखें है, उसे समिति की ओर से अनुमोदन प्रदान करते है, जो निर्णय समिति को प्रगति के ओर लेकर जानेवाले है। इस कार्य में जो भी आवश्यक मदद चाहिए संयोजक कार्यालय के रूप में बैंक ऑफ इंडिया तथा अध्यक्ष के रूप में पूरी तरह से सहयोग रहेगा। जो इस वर्ष के जो समारोह आयोजित किये जा रहे है, आप सभी को सहभाग आवश्यक है तभी समारोह की गरिमा बढेगी।

आप सभी का सहयोग जरूर मिलेगा, इस आशा के साथ आप सभी को पुन: धन्यवाद देता हूं।

श्री सूरज माने ने मंच संचालन तथा उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया । इस बैठक का आयोजन सफल बनाने हेतु एनपीसीएल के कर्मचारियों ने अथक प्रयास किये इस पर समिति की ओर से विशेष धन्यवाद दिये। अन्य विषय न होने पर अध्यक्ष महोदय जी के अनुमति के साथ बैठक समाप्ती की घोषणा की गई।

अतुल सातपुते

(रमेश गायकवाड) (अतुल सातपुते)

सदस्य सचिव अध्यक्ष एवं उप महाप्रबंधक

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रत्नागिरी ।

नराकास रत्नागिरी • TOLIC RATNAGIRI •

उपस्थित कार्यालय प्रमुखों की सूची

| सं | नाम | संस्थान का नाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री अतुल सातपुते | अध्यक्ष, एवं उप महाप्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया |
| 2 | डॉ सुनीता यादव | उप निदेशक, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग |
| 3 | श्री अतुल दांडेकर | समादेशक, कमान अधिकारी, तटरक्षक अवस्थान |
| 4 | श्री उपेंद्र शेंडये | क्षेत्रीय रेल प्रबंधक, कोंकण रेल्वे। |
| 5 | श्री आलोक कुमार सिंह | सहायक आयुक्त, सीमा शुल्क कार्यालय; |
| 6 | श्री संदेश डोळस | अधिक्षक, सीजीएसटी |
| 7 | श्री जॉर्ज शाजी | सहायक निदेशक, समुद्री उत्पाद |
| 8 | श्री संतोष पाडगांवकर | कार्यक्रम अधिकारी, आकाशवाणी |
| 9 | श्रीमती रजनी दलवाई | मंडल प्रबंधक, दि न्यू इंडिया एश्योरेंस कं लि |
| 10 | श्री उदय पी मदनगेरी | मुख्य अभियंता, एनपीसीएल |
| 11 | श्री ए बी कोड्डा | अधिक्षक, डाक विभाग, रत्नागिरी |
| 12 | श्री निलेश खडसे | प्रबंधक, बैंक ऑफ बडौदा |
| 13 | श्री संतोष कुलकर्णी | प्रबंधक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र |
| 14 | श्री एच डी मासाळ | शाखा प्रबंधक, भारतीय जीवन बीमा निगम |
| 15 | श्री शिवचरण राजने | प्रभारी सहायक अभियंता, दूरदर्शन केंद्र, रत्नागिरी |
| 16 | श्री विनय परांजपे | वरिष्ठ प्रबंधक, ओरिएंटल एश्योरेंस कं |
| 17 | श्री सुनील समेल | प्रमुख, गुब्बारा पवन वेध शाला |
| 18 | श्री एम ए वलिशा शा | वरिष्ठ शाखा प्रबंधक, ओरिएंटल बैंक ऑफ कामर्स |
| 19 | श्री स्टालिन पुपॉल | शाखा प्रबंधक इंडियन ओवरसीज बैंक |
| 20 | श्रीमती अंशु कुमारी | प्रबंधक, सेंट्रल बैंक |
| 21 | श्री राजू तेजा | शाखा प्रबंधक, आंध्रा बैंक |
| 22 | श्री दिलीप कुमार | शाखा प्रबंधक, इलाहाबाद बैंक |
| 23 | श्री मंदार कदम | शाखा प्रबंधक, विजया बैंक |
| 24 | श्री नरेंद्र प्रसाद | शाखा प्रबंधक, इंडियन बैंक |
| 25 | श्री निलेश शेटे | शाखा प्रबंधक, नेः नल इन्श्योरेन्स कं |
| 26 | श्री पीतांबर | शाखा प्रबंधक , युको बैंक |
| 27 | श्री मनोज होडकर | शाखा प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक |
| | उपस्थित | कार्यालय प्रमुख 20 - 26 |

अनुपस्थित कार्यालय - 9

| | | |
|---|---|---|
| 01 | सिंडिकेट बैंक | |
| 02 | यूनियन बैंक | |
| 03 | भारतीय स्टेट बैंक | |
| 04 | कार्पोरेशन बैंक | |
| 05 | केनरा बैंक | |
| 06 | देना बैंक | विलनीकरण |
| 07 | भारत संचार निगम | |
| 08 | यूनायटेड इंडिया लि इंश्योरेन्स | |
| 09 | आयकर कार्यालय | |

कार्यालय प्रमुख से अन्य

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री कृष्णा लंबानी | उप मुख्य राजभाषा अधिकारी |
| 2 | श्री कृष्ण कुलकर्णी | प्रबंधक , भारतीय स्टेट बैंक |
| 3 | श्री राजेंद्र गोगी | उप प्रबंधक , भारतीय स्टेट बैंक |
| 4 | श्री नंदकुमार नंदकर | उप प्रबंधक , एनपीसीएल |
| 5 | श्री फत्तेसिंह | प्रशासनिक अधिकारी, एलआईसी |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | श्री पा एस वेर्डे | डाक सहायक, डाक विभाग |
| 7 | श्री सचिन तोडणकर | डाक सहायक, डाक विभाग |
| 8 | श्री सतीश रानडे | शाखा प्रबंधक, दि न्यू इंडिया एश्युरन्स कं, |
| 9 | श्री विकास हेलोडे | दि न्यू इंडिया एश्युरन्स कं, |
| 10 | श्रीमती वर्षा कांबले | सीमा शुल्क मंडल, |
| 11 | श्री श्रवण कुमार मेघवाल | सीमा शुल्क मंडल, |
| 12 | श्री संकेत सुरेश काले | सीमा शुल्क मंडल, |
| 13 | श्री मुफिद नाखळा | सीमा शुल्क मंडल, |
| 14 | श्री रसाळ नितिन | सीमा शुल्क मंडल, |
| 15 | श्री पी जी डोंगरे | प्रधान लिपिक, आकाशवाणी |
| 16 | श्री संतोष पाटोले | अधिकारी कोंकण रेलवे |
| 17 | श्री सूरज माने | बैंक ऑफ इंडिया |
| 18 | श्री मो नदीम | तटरक्षक अवस्थान |
| 19 | श्री चंद्रकांत कुमारं | तटरक्षक अवस्थान |
| 20 | श्री आनंद शितोले | लिपिक समुद्री उत्पाद |
| 21 | श्री हंसराय मीना | जीएसटी |
| 22 | श्री नितीन नारखेडे | प्रमुख, गुब्बारा पवन वेध शाला |
| 23 | श्री रमेश गायकवाड | सदस्य सचिव, नराकास |